WHA में भारत की TB डायग्नोस्टिक तकनीक की सराहना

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में जिनेवा में आयोजित **77वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन** में **फेफड़ों (Pulmonary) एवं अन्य अंगों (Extra-Pulmonary) संबंधी TB** तथा रिफाम्पिसिन-प्रतिरोधी TB हेतु एक **तीव्र आणविक नैदानिक परीक्षण, ट्रूनेट (Truenat) की सराहना** की गई।

ट्रूनेट:

- **पोर्टेबल एवं बैटरी चलित इस उपकरण से** एक घंटे से भी कम समय में परिणाम मिलने के साथ **40 से भी अधिक बीमारियों की जाँच** हो सकती है।
- भारत में राष्ट्रीय TB उन्मूलन कार्यक्रम (National TB Elimination Programme) के अंतर्गत 7,000 से अधिक प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा लगभग 1,500 निजी प्रयोगशालाओं में इसका प्रयोग किया जाता है।
- **विश्व स्वास्थ्य सभा** (WHO की निर्णय लेने वाली संस्था) ने TB उन्मूलन के लिये भारत के प्रयास की सराहना करते हुए ट्रूनेट मशीनों और **हैंडहेल्ड एक्स-रे उपकरणों** के उपयोग सहित भारत की अभिनव पहलों को संभावित वैश्विक मॉडल के रूप में मान्यता दी।
  - भारत में TB उन्मूलन कार्यक्रम के तहत TB के निदान हेतु हस्तचालित **एक्स-रे उपकरणों का उपयोग** किया जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization-WHO) के अनुसार प्रतिवर्ष TB के 10 मिलियन से अधिक नए मामले सामने आते हैं।
- वैश्विक TB रोगियों में **भारत की हिस्सेदारी 27%** है। भारत में TB से प्रतिदिन **1,400 से अधिक रोगियों की** मृत्यु होती है।
- प्रधानमंत्री TB मुक्त भारत अभियान के तहत भारत का लक्ष्य, वर्ष 2025 तक TB का उन्मूलन करना है।



//

और पढ़ें: प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, इंडिया TB रपिोरट 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-tb-diagnostics-tech-wins-acclaim-at-wha